समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# खोरा मीणा ग्राम पंचायत मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संभल पखवाड़ा शिविर का आयोजन, सैकड़ों ग्रामीणों को मिली राहत।

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## ग्राम पंचायत खोरा मीणा मे आयोजित इस शिविर मे संरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों का त्वरित समाधान हुआ। SDM सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद।

सवांदाता,जयपुर,

राजस्थान

**जयपुर : राजस्थान सरकार** की ओर से चलाए जा रहे **पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा** के अंतर्गत, **ग्राम पंचायत खोरा मीणा (तहसील आमेर, जिला जयपुर)** में एक **विशेष शिविर** का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और सरल प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराना था।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने लंबे समय से लंबित कार्यों का समाधान करवाया। कई लोगों को मौके पर ही प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति, आय/जाति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य कार्ड जैसी सुविधाएं प्राप्त हुईं।

**शिविर मे उंपस्थित प्रमुख अधिकारी और गणमान्य जन :**

१. **बजरंग स्वामी (SDM साहब)**

२. **प्रधान बद्रीलाल जी बागड़ा**

३. **वीडीओ दीनबंधु जी**
४. **सरपंच राजेद्र ंयोगी जी**
५. **ग्रामवासी ओमप्रकाश जी मीणा सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक**

शिविर की विशेषताएं:
१. **ग्रामीणों के महत्वपूर्ण कार्य onsite पूरे किए गए**
२. **डिजिटल माध्यम से आवेदन और तुरंत प्रमाणपत्र जारी करने की सुविधा**
३. **सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था पेशंन, जनाधार कार्ड, उज्ज्वला योजना आदि से संबंधित सेवाएं**
४. **संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए और समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया**

जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार:
शिविर के सफल आयोजन के बाद **ग्रामवासी ओमप्रकाश जी मीणा** ने सभी **अधिकारियों, सरपंच और विभागीय कर्मचारियों** का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से कई जरूरतमंद ग्रामीणों को आज राहत मिली है। जिन कार्यों के लिए महीनों से चक्कर काटने पड़ रहे थे, वे आज एक ही दिन में पूरे हुए।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.